सराहनीय कार्य

जनपद बस्ती

दिनांक 28.02.2023

थाना परसरामपुर अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के उपर फायरिंग करके भागने वाले अभियुक्त को 15 घण्टे के अंदर पुलिस मुठभेड़ में परसरामपुर पुलिस टीम, एसओजी टीम व स्वाट टीम की संयुक्त कार्यवाही में गिरफ्तार किया गया-

थाना परसरामपुर अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्र संचालक के उपर फायरिंग करके भागने वाले पंजीकृत मु0अ0सं0 67/2023 धारा 307,504 भा0द0सं0 से सम्बन्धित अभियुक्त शिवम सिंह पुत्र राकेश सिंह निवासी निवासी ड़री बाबू थाना परसरामपुर जनपद बस्ती को आज दिनांक 28.02.2023 को सुबह करीब 04.40 बजे पंचमुखी चौराहा भेदूगँवा गांव के पास पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त शिवम सिंह द्वारा अपने पिस्टल से जान से मारने की नियत से पुलिस टीम पर फायर किया गया जिसमें गोली का0 विजय यादव के दाहिने बाजू को रगड़ती हुई निकल गयी । तत्पश्चात आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम द्वारा फायर किया गया, जिसमें अभियुक्त के दाहिने पैर में घुटने के नीचे गोली लगी जिससे अभियुक्त नीचे गिर गया। अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से एक अदद पिस्टल .32 बोर, 02 अदद खोखा कारतूस, 01 अदद जिन्दा कारतूस व दो अदद मोबाइल फोन बरामद किया गया। दोनों घायलों को ईलाज हेतु सीएचसी परसरामपुर भेजा गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लाया गया है। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना परसरामपुर पर मु0अ0सं0 69/2023 धारा 307,504,506 IPC व 3/25,5/27 अयुध अधिनियम पंजिकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

1. शिवम सिंह उर्फ प्रियांशु सिह पुत्र राकेश सिंह निवासी निवासी पडरिवार थाना परसरामपुर जनपद बस्ती।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

अभियुक्त दिनांक 27.02.2023 को समय 02.30 बजे दिन मे हरीगाँव में बुर्का पहनकर अपने साथी की मोटरसाइकिल (स्प्लेंडर काले रंग की नंबर अज्ञात) जो अपना मुँह गमछे से बाँधा था के साथ ग्राहक सेवा केन्द्र विरेन्द्र कम्प्यूटर एव ग्राहक सेवा केन्द्र हरीगाँव पर आकर पैसा निकालने के लिए पूछा तो ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक विरेन्द्र राजभर पुत्र रामधीरज उर्फ जंगली निवासी हरिगाँव थाना परसरामपुर जनपद बस्ती से कुछ बातो को लेकर वार्तालाप करने लगे थे, इसी बीच अवधेश पाण्डेय नामक व्यक्ति उसके दूकान की तरफ आ गये जिन्हे वे सब धमकाते हुए बोले कि यहाँ से भाग जाओ तब अवधेश पाण्डेय ने कहा कि क्यो भाग जाऊँ। तब अभियुक्त शिवम सिह उर्फ प्रियांशु सिह द्वारा अवधेश पाण्डेय को डराने की नियत से अपने पास रखे अवैध पिस्टल से उन पर फायर कर दिया जो बच गये तथा ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालक विरेन्द्र राजभर के पैर मे भी गोली मारकर भाग गये जिसके सम्बंध में थाना परसरामपुर पर मु0अ0सं0 67/2023 धारा 307,504 भा0द0सं0 पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1.प्र0नि0 परसरामपुर श्री रामेश्वर यादव जनपद बस्ती।

2.व0उ0नि0 श्री श्याम मोहन त्रिपाठी थाना परसरामपुर जनपद बस्ती।

3.उ0नि0 गजेन्द्र प्रताप सिंह एसओजी टीम प्रभारी जनपद बस्ती

4..उ0नि0 श्री उमाशंकर त्रिपाठी प्रभारी स्वाट टीम जनपद बस्ती।

5.उ0नि0 श्री उमेश चन्द्र वर्मा थाना परसरामपुर जनपद बस्ती।

6.उ0नि0 श्री शशिकांत प्रभारी सर्विलांस सेल बस्ती।

7. हे0का0 सुधीर शर्मा,का0 धीरज यादव, का0 अरविन्द कुमार, का0 रमेश चौहान व का0 धर्मेन्द्र कुमार स्वाट टीम जनपद बस्ती।

8.हे0कां0 अनंत यादव,कां0 शाजीद जमाल,कां0अभिषेक सिंह एसओजी बस्ती।

9.हे0का0 दिग्विजय सिह, हे0का0 हेमन्त सिह, हे0का0 विनोद यादव, हे0का0 भगवान दास थाना परसरामपुर जनपद बस्ती।

10.कां0 विजय यादव, कां0 देवेन्द्र निषाद,का0 शिव यादव,का0 विन्द्रेश साहनी.का0 धननंजय चौधरी थाना परसरामपुर जनपद बस्ती।

11.हे0का0 सतेन्द्र कुमार सर्विलांस सेल बस्ती।